टेलीफोन 0135-2781201
ईमेल आईडी- info@ukmc.in

उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग,
शहीद भगत सिंह कालोनी, अधोईवाला, देहरादून।

पत्रांक 464 / उ.अ.आ. / शिविर व अनुश्रवण कार्यक्रम / उधमसिंहनगर / 2025-26 दिनांक 25 अक्टूबर, 2025

सेवा मे,

जिलाधिकारी,
उधमसिंहनगर।

विषय:- **श्रीमती फरजाना बेगम, मा0 उपाध्यक्ष, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून के दिनांक 30.10.2025, को जनपद उधमसिंहनगर में स्थित विकासभवन सभागार में प्रस्तावित विभागीय योजनाओं के विकास कार्यों के मूल्याकंन एवं अनुश्रवण की बैठक के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक मा0 आयोग के पत्र सं0-314 दिनांक 08.09.2025 एवं पत्र सं0-380 दिनांक 25.09.2025, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके क्रम में ***पुनः श्रीमती फरजाना बेगम, मा0 उपाध्यक्ष, उत्तराखण्ड अल्पपसंख्यक आयोग, देहरादून*** के द्वारा जनपद उधमसिंहनगर में स्थित विकासभवन सभागार में दिनांक 30.10.2025 दिन बृहस्पतिवार को प्रातः 11:00 बजे जनपदीय विभागीय अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं के विकास कार्यों के मूल्याकंन एवं अनुश्रवण के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक किये जाने के निर्देश दिये गये है, जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों एवं जनपदीय अधिकारियों के साथ उनके विभाग द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय हेतु संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में आपसी संवाद व अल्पसंख्यक समुदाय को उनके हितों एवं रक्षोपाय संबंधी जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। मा0 उपाध्यक्ष महोदया द्वारा यह भी निर्देश दिये गये है कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने से संबंधित विभागीय योजनाओं का विवरण एवं उनके विभाग द्वारा अल्पसंख्यकों को लाभान्वित किये जाने से संबंधित विवरण सहित स्वयं अनिवार्य रूप से बैठक में प्रस्तुत करे।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विकासभवन सभागार में अल्पसंख्यक समुदाय को एकत्रित करने एवं निम्न विभागीय अधिकारियों को भी बैठक में स्वयं उपस्थित होने के साथ ही दिनांक 30.10.2025 को प्रातः 11:00 बजे विकासभवन सभागार को आरक्षित कराने का कष्ट करें:-

1. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।
2. मुख्य विकास अधिकारी।
3. मुख्य शिक्षा अधिकारी।
4. मुख्य चिकित्साधिकारी।
5. मुख्य पशु चिकित्साधिकारी।
6. अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, ऊधमसिंहनगर।
7. जिला सेवायोजना अधिकारी।
8. अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग / पेयजल निगम / पेयजल संस्थान।
9. जिला पंचायत राज अधिकारी।
10. जिला पूर्ति अधिकारी।
11. जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी।
12. जिला समाज कल्याण अधिकारी।
13. जिला बाल परियोजना अधिकारी।
14. जिला प्रबन्धक, खादी ग्रामोद्योग।
15. महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र।
16. प्रबन्धक, जिला अग्रणी बैंक।
17. जिला कार्यक्रम अधिकारी।
18. अधिशासी अभियन्ता, ग्रमीण निर्माण विभाग प्रखण्ड।
19. प्रमुख जिला उद्यान अधिकारी।
20. मुख्य कृषि अधिकारी।
21. जिला सूचना अधिकारी।
22. उपायुक्त श्रमविभाग।
23. समस्त नगरआयुक्त / नगर अधिकारी, नगर निगम, जनपद-ऊधमसिंहनगर।
24. समस्त अधिशासी अधिकारी,नगरपालिका / नगर पंचायत, जनपद ऊधमसिंहनगर।
25. दुग्ध / डेरी विकास अधिकारी।
26. जिला प्रोवेशन अधिकारी। 27, सहायक निदेशक, मतस्य विभाग।
27. जिला पर्यटन अधिकारी, ऊधमसिंहनगर।
28. सम्भागीय / सहायक सम्भागीय अधिकारी, परिवहन विभाग।
29. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड।

आज्ञा से,

सचिव,
उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग,
देहरादून।

पृष्ठाकंन संख्या 464 दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 उपाध्यक्ष जी / मा0 सदस्यगण, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून को उक्तानुसार सूचनार्थ प्रेषित।
2. जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उधमसिंहनगर को इस आशय से प्रेषित कि जिलाधिकारी महोदय से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम में सभ्रान्त व्यक्तियों एवं अल्पसंख्यकों समुदाय के व्यक्तियों को प्रस्तावित कार्यक्रम / बैठक की सूचना देते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अल्पसंख्यकों हेतु स्वीकृत योजना / धनराशि / निर्माण कार्यों की कार्ययोजना तैयार कर अन्य समस्त व्यवस्थाऐं करने के साथ ही मा0 उपाध्यक्ष जी की अपेक्षानुसार अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के दो निर्माणाधीन कार्यों को चिन्हित करते हुए स्थलीय निरीक्षण कराये जाने के सम्बन्ध में एवं जनपद ऊधमसिंहनगर के समस्त मा0 सदस्यगणों, उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग, देहरादून से भी समन्वय स्थापित कर मार्ग दर्शन प्राप्त करते हुए आहूत बैठक में दिये गये निर्देशों संबंधी कार्यवृत्त मा0 आयोग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सचिव,
उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग,